समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 19 September 2026

# अगस्त 2026 मे सिनेमाघरों मे धमाल मचाएंगी ये बड़ी फिल्मे, ‘ओह माय डॉग’ से ‘टॉक्सिक’ तक देखे पूंरी लिस्ट

Sanket Morankar Published on 01 Aug 2026




अगस्त 2026 का महीना फिल्म प्रेमियों के लिए बेहद खास होने वाला है। इस महीने बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की कई बहुप्रतीक्षित फिल्में बड़े पर्दे पर रिलीज होने जा रही हैं। इनमें पंकज त्रिपाठी की ‘**ओह माय डॉग**’, इमरान हाशमी की ‘**आवारापन 2**’, सनी देओल की ‘**बंटवारा 1947**’, यश की ‘**टॉक्सिक**’, श्रद्धा कपूर की ‘**ईठा**’ और ‘**खोसला का घोसला 2**’ जैसी फिल्में शामिल हैं।

1. ओह माय डॉग

पंकज त्रिपाठी स्टारर ‘**ओह माय डॉग**’ अब **7 अगस्त 2026** को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 31 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसकी तारीख आगे बढ़ा दी गई। फिल्म में पवन मल्होत्रा, राजेश कुमार और माही राय भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

2. आवारापन 2

इमरान हाशमी की बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘**आवारापन 2**’ **14 अगस्त 2026** को रिलीज होगी। फिल्म में शबाना आजमी नकारात्मक भूमिका निभा रही हैं, जबकि दिशा पाटनी भी अहम किरदार में दिखाई देंगी। पहले भाग की लोकप्रियता को देखते हुए इस सीक्वल से भी दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं।

3. बंटवारा 1947

सनी देओल की एक्शन-ड्रामा फिल्म ‘**बंटवारा 1947**’ भी **14 अगस्त 2026** को रिलीज होगी, जिससे बॉक्स ऑफिस पर ‘**आवारापन 2**’ के साथ सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा। फिल्म में प्रीति जिंटा, करण देओल, शबाना आजमी, अली फजल और अभिमन्यु सिंह भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

4. टॉक्सिक

रॉकिंग स्टार यश की फिल्म '**टॉक्सिक : अ फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स**' **26 अगस्त 2026** को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म अपने बोल्ड और इंटीमेट सीन्स को लेकर पहले ही चर्चा में है। इसमें कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत भी नजर आएंगी।

5. ईठा

श्रद्धा कपूर की फिल्म '**ईठा**' के **28 अगस्त 2026** (रक्षाबंधन) के अवसर पर रिलीज होने की संभावना है। हालांकि, फिल्म के पोस्टपोन होने की चर्चाएं भी चल रही हैं, लेकिन निर्माताओं ने अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। यह फिल्म प्रसिद्ध लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित बताई जा रही है।

6. खोसला का घोसला 2

'**खोसला का घोसला 2**' भी **28 अगस्त 2026** को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में अनुपम खेर, बोमन ईरानी और दिव्या खोसला कुमार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसका निर्देशन प्रशांत भागिया ने किया है। पहले भाग को दर्शकों का शानदार प्यार मिला था और अब सीक्वल से भी अच्छी कमाई की उम्मीद की जा रही है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.